# जॉब इन्टरव्यू

100% सफलता

जटिल सवाल सटीक जवाब




राघव अरोड़ा

# जॉब इन्टरव्यू

100% सफलता

जटिल सवाल सटीक जवाब



राघव अरोड़ा

# जॉब इंटरव्यू
# जटिल सवाल- सटीक जवाब

# जॉब इन्टरव्यू

**100 %**
**सफलता**

## जटिल सवाल

## सटीक जवाब



राघव अरोड़ा

प्रिय मित्र,

आज की बढ़ती प्रतिस्पर्धा में अच्छी डिग्री हाथ में होते हुए भी महत्वकांक्षी युवा नौकरी पाने में असफल रहते हैं| ऐसा नहीं कि उनमें योग्यता नहीं है या वे किसी प्रकार से काम करने में असमर्थ हैं| उनके अच्छी नौकरी हाथ से फिसलने का एक बड़ा कारण है इंटरव्यू में सफल न हो पाना| और अमूमन ये भी देखने में आया है की इंटरव्यू में अत्यधिक तनाव के कारण वे सरल सवालों के भी जवाब नहीं दे पाते. और इसके ही कारण वे उम्मीदवार नौकरी पा लेते हैं जो सिर्फ इंटरव्यू अच्छा दे देते हैं
यानि आप जब काम के जरिये अपनी योग्यता दिखाएंगे वो बाद की बात है, लेकिन पहले आपको इंटरव्यू अच्छे से देना आना जरूरी है, भले आप उतने योग्य न भी हों,

लेकिन यदि आपको इंटरव्यू में पूछे जाने वाले सवालों का पहले से ही पता हो तो क्यों नहीं आप अच्छा इंटरव्यू दे पाएंगे ?
बिलकुल दे पाएंगे.

इस पुस्तक में मैंने ऐसे जटिल सवालों के सटीक जवाब का संकलन किया है, जो की आपकी नौकरी पक्की करने में सहायक होंगे.
इसमें व्यावहारिक पहलुओं पर अधिक जोर दिया गया है क्योंकि ये ही वही कारण हैं जहाँ अच्छे से अच्छे उम्मीदवार भी अपने सपनो की जॉब पाने में समर्थ होंगे,

इंटरव्यू लेने वाले क्या सवाल पूछते हैं,
उनका नजरिया क्या है,
उम्मीदवार से किन चीज़ों की अपेक्षा की जाती है,
उम्मीदवार की शिक्षा, योग्यता या अनुभव के अलावा वे क्या बातें हैं जो इंटरव्यू में सफलता सुनिश्चित करती हैं ?
इन सभी पहलुओं का व्यावहारिक और सरल समाधान इस पुस्तक में किया है,
मुझे आशा है कि ये बातें और छोटी छोटी टिप्स, आपके बहुत काम की साबित होंगी |

उदाहरणों के माध्यम से आपको सभी एलिमेंट्स की जानकारी विस्तार पूर्वक मिल जाएगी जो कि काफी लाभदायक सिद्ध होगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

मैं अपनी यह पुस्तक स्वर्गीय श्री परमानंद गाबा ( दादाजी), स्वर्गीय शान्ति देवी ( दादी जी), स्वर्गीय श्रीमती अनुराधा रानी अरोड़ा ( माता जी), एवं अपने पिताजी स्वर्गीय श्री निरंजन दास अरोड़ा एवं स्वर्गीय शैलेंद्र शंकर अरोड़ा( बड़े भाई) को समर्पित करता हूं। इन सब की

बदौलत ही मैं जो कुछ भी कर पा रहा हूं, वह कर पा  रहा हूं। ये सभी मेरी जिंदगी का एक अटूट हिस्सा हैं और मेरे प्रेरणास्रोत हैं।

आपने इस पुस्तक को खरीदने का निर्णय लिया इससे यह स्पष्ट है कि आप अपना स्वर्णिम करियर बनाना चाहते हैं । सर्वप्रथम आप के चुनाव के लिए धन्यवाद एवं सुखद एवं स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं

राघव अरोरा

---

## अनुक्रमणिका


1. इंटरव्यू  और इंटरव्यूअर
2. इंटरव्यू देने से पहले
3. इंटरव्यू के दौरान की जाने वाली गलतियां
4. वेतन की बात कैसे करें
5. कंपनी के बारे में जानकारी
6. वक्त नियोक्ता के नजरिया से ही सोचें
7. इंटरव्यू की तैयारी
8. क्या करें?
9. इन बातों का ख्याल रखें
10. सीक्रेट टिप्स


इंटरव्यू सवाल जवाब

1. आपको क्या ऐसे लोगों को साथ काम करने में कोई दिक्कत तो नहीं होगी जो कि बेहद ऊंचे घरानों से  है, जबकि आप सीवी और आपकी बैकग्राउंड से मालूम पड़ता है कि आप निर्धन परिवार से हैं?

2. आप सफलता को किस प्रकार नापते हैं या आपके लिए सफलता क्या है?

3. क्या आपने कोई ऐसी गलती की जिस की कीमत कंपनी को चुकानी पड़ी हो?

4. क्या आपने कभी डेड लाइन मिस की है ? अर्थात  कभी ऐसा भी हुआ कि आप समय पर कोई काम पूरा नहीं कर पाए हो?
5.  आपकी जॉब में ऐसा कौन सा काम था, जो कि आप बिल्कुल भी पसंद नहीं करते?
6.  आप ऐसी स्थिति में क्या करेंगे जबकि आपकी किसी भी आईडिया का सारा श्रेय आपको कोई दूसरा सहकर्मी लेकर चला जाता है?
7. क्या ना करें?
8. आप वर्तमान जॉब क्यों छोड़ना चाहते हैं?
9. अपने हाल ही में कौन सी योग्यता हासिल की है ?
10. आपकी क्या क्वालीफिकेशंस हैं ?
11. आपको इस जॉब के लिए कितना अनुभव है ?
12. आपको अपनी वर्तमान या हाल ही में किए गए जॉब में सर्वाधिक क्या पसंद था?
13. आपको अपने पिछले या वर्तमान जॉब में  कम से कम क्या पसंद है ?
14. आप अपने वर्तमान( या हाल ही में आप जिस जॉब में थे ) में आपके बॉस के बारे में क्या पसंद करते हैं?
15.  आप अपने वर्तमान  बॉस के बारे में क्या पसंद नहीं करते या आपके हालिया बॉस के बारे में क्या पसंद नहीं करते?
16.  अपनी खूबियों के बारे में कुछ बताइए  ?
17.  आपकी सबसे बड़ी  कमजोरी क्या है?
18. ऐसी दो कौन सी कमियां हैं जिनमें आप सुधार करना चाहते हैं?
19. आपकी सफलता के पीछे आप क्या कारण मानते हैं?
20.  आप अपनी हालिया जॉब या वर्तमान जॉब में उन जिम्मेदारियों के बारे में बताएं जिन्हें पूरा करने से आपको खुशी मिलती है?
21. अपने दिनचर्या के बारे में बताइए कि आपका दिन किस तरह का रहता है?
22. यदि किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसका अंदाजा पहले से लगा लेते हैं या उसके प्रति कुछ ना कुछ प्रतिक्रिया करते हैं?
23. आप अगले साल कम्पनी को कितना बिजनेस दे सकते  हैं?
24.  क्या आपको गुस्सा आता है?
25. आप तनावपूर्ण स्थितियों में कैसे काम करते हैं?
26. आप के मौजूदा या वर्तमान सुपरवाइजर आपके काम को किस प्रकार से आलोचना करते हैं?
27. अगर समय से अधिक आपको काम करना पड़े या  आपको छुट्टी के दिन काम करना पड़े तो आपको कैसा महसूस होता है?
28. आप डेडलाइंस के दौरान किस प्रकार काम करते हैं?

29. आप  कम्पनी के बारे में अपने योगदान के बारे में क्या महसूस करते हैं?
30. ऐसी क्या उपलब्धि है तो आप अपनी मौजूदा या हालिया जॉब में हासिल करने में नाकामयाब रहे?`
31. आप में ऐसा क्या है जो आप कर सकते हैं जो कि दूसरे उम्मीदवार नहीं कर पाए?
32. आप अपने से ऊपर  के  मैनेजमेंट / सुपरवाइजर के साथ किस प्रकार पेश आते हैं और उनके साथ आपका रवैया किस प्रकार का है?
33. आप अपने सहकर्मी के साथ कैसा व्यवहार करते रहे हैं?
34. आप अपने अधीन कर्मचारियों के साथ कैसे मैनेज करते हैं?
35. आप कैसा महसूस करेंगे ऐसे सुपरवाइजर के साथ काम करने का मौका मिले जो कि आप से कम योग्य है और आप से कम दक्ष है?
36. आप अकेले काम करना अधिक पसंद करते हैं या फिर लोगों के साथ?
37. आपके काम को दूसरे लोग किस प्रकार से देखते हैं?
38. जब कोई आपकी आलोचना करता है तो आप ऐसी स्थिति में किस प्रकार व्यवहार करते हैं?
39. क्या आप खुद को जोखिम लेने वाला व्यक्ति मानते हैं?
40. क्या आप खुद को इस प्रकार समझते हैं,जो कि दूसरों से अधिक ज्यादा अच्छी पहल कर सकता है?
41. क्या आप सेल्फ स्टार्टर हैं और आप क्या इसका कोई उदाहरण दे सकते हैं?
42. क्या आप एक अच्छे टाइम मैनेजर हैं?
43. आप अपनी वर्तमान जॉब या हालिया जॉब में  सबसे महत्वपूर्ण चीज क्या है?
44. हमें आपको नौकरी पर क्यों रखना चाहिए?
45. आपको बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए कौन उत्साहित करता है ?
46. आप इस कम्पनी के लिए काम करना क्यों पसंद करेंगे?
47. आप अपने मौजूदा जॉब क्यों छोड़ना चाहते हैं और अपनी पिछली जॉब क्यों छोड़ी थी?
48. आप बार-बार जॉब्स क्यों बदलते रहते हैं और आपको ऐसा क्यों लगता है कि आप यहां पर ज्यादा देर टिककर जॉब कर पाएंगे?
49. आप ऐसा जॉब क्यों करना चाहते हैं जिसके लिए कि आपकी योग्यता बहुत अधिक है?
50. क्या आप अपनी मौजूदा जॉब से कम  वेतन में काम करने के लिए तैयार हैं? यदि ऐसा है , तो क्यों?
51. आपके लिए जॉब सिक्योरिटी कितनी जरूरी है?
52. आप हमारी कंपनी के साथ कब तक जुड़े रहने की उम्मीद करते हैं?

53. आप सफलता को किस प्रकार परिभाषित करते हैं?
54. आप अपना खाली समय किस प्रकार व्यतीत करते हैं?
55. आपके करियर के लक्ष्य क्या-क्या है ?
56. 2 सालों में और क्या लक्ष्य   पूरा करेंगे?
57. 10 साल पहले के आपके करियर गोल और वर्तमान में आप क्या अंतर पाते हैं?
58 अपने को 5 साल के बाद आप खुद को कहां पाते हैं?
59. आपने हाल ही में अपने लिए कौन सा सा बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है?
60. आपने कभी यह सोचा कि आप अपना करियर बदल लेंगे?
61. अपने बारे में कुछ बताइए?
62. हमारी कंपनी के बारे में आप क्या जानते हैं?
63.  इंडस्ट्री में आपको किस तरह के ट्रेंड्स दिखाई दे रहे हैं?
64. आपके लिए परफेक्ट जॉब क्या होनी चाहिए?
65. आप किस पद के लिए क्या बदलाव करना चाहेंगे और इस कंपनी में क्या बदलाव देखना चाहते हैं?
66. आप इस पद के लिए किस तरह के व्यक्ति का चुनाव करना पसंद करेंगे?
67. आप अपनी वर्तमान या हालिया पद के बजाय इस जॉब में क्या समानताएं देखते हैं?
68. यह पद आपके मौजूदा या हालिया पद से किस प्रकार से अलग है?
69. आपको कभी नौकरी से निकाला गया है या  आपसे यह कहा गया है कि आप इस्तीफा दे दें? अगर हां , तो क्यों?
70. कभी ऐसा भी हुआ कि आपको कंपनी द्वारा अनैतिक या गलत कार्य करने के लिए निकाल दिया गया हो?

71. आप कितने समय से दूसरी जॉब ढूंढ रहे हैं?
72. क्या आप दूसरे स्थान पर बसना पसंद करेंगे?
73.  आप एक माह में कितनी यात्रा करना पसंद करेंगे?
74. आप कितना वेतन पाना चाहते हैं और आपकी क्या उम्मीदें हैं
75. आप कब से काम शुरू कर सकते हैं?
76. गैर कानूनी सवाल
77.  एक बेहतरीन उम्मीदवार के तौर पर आप कैसे जाने जा सकते हैं उसके लिए खास टिप्स
78. आप इस जॉब के लिए बिल्कुल भी फिट नहीं है। या फिर आप इस काम के लिए बिल्कुल सही उम्मीदवार नहीं हैं क्योंकि?

79. क्या आप मुझे इस का कोई उदाहरण दे सकते हैं, जब आप के अपने बॉस के साथ कुछ वैचारिक मतभेद हुए हो और आपने उस स्थिति को किस प्रकार से संभाला?
80. आपका रिज्यूमे देखने पर मुझे यह मालूम पड़ा कि आप यहां 3 साल से हैं लेकिन आपको अभी तक कोई प्रमोशन नहीं मिला ऐसा क्यों?
81. आपके जो बॉस हैं, वे मेरे दोस्त हैं, , उन्होंने मुझे बताया कि काम करने के दौरान आप काफी नर्वस हो जाया करते हैं या फिर रुखा व्यवहार भी करते हैं । क्या यह सही है?
82. एच आर ने बताया कि आप इतनी सैलरी मांग रहे हैं, जो कि इस लिहाज से, जब कि आपको इतना अधिक वक्त हो गया है इस क्षेत्र में काम करते हुए , क्या आपको नहीं लगता कि यह वेतन आपके लिए कम है?
83. आपका रिज्यूम देखकर मुझे यह मालूम हुआ कि आपने कभी कॉलेज नहीं किया, हालांकि इसे मैं कोई कमी तो नहीं कह सकता ! लेकिन यह कुछ अजीब जरूर है! आपने ऐसा निर्णय क्यों लिया कि आप कॉलेज नहीं जाना चाहते?
84. ख़ास टिप्स
85.
मैंने आपका रिज्यूमे देखा और यह पाया है कि आप बड़ी जल्दी जल्दी जॉब बदल लेते हैं। क्या आपको जल्दी ही बोरियत हो जाती है? क्या आप किसी दूसरे जॉब में ही जल्दी जल्दी जाना पसंद करते हैं?
86.
जब कभी भी आपको कुछ ऐसा प्रश्न पूछा जाए जिसमें यह कहा जाता है कि आप इस जॉब के काबिल नहीं है क्योंकि…..
87. आप अपने वीकेंड्स पर क्या करते हैं?
88. आप में ऐसी क्या खासियत है ,ऐसा क्या कारण है, जो आपको इस जॉब के लिए बेहद खास बनाता है?
89. अब और कहां पर इंटरव्यू दे रहे हैं?
90. इंटरव्यू में तनाव क्यों होता है?
91. अगले 2 सालों में यह इंडस्ट्री कहां तक पहुंच पाएगी ?आपकी इसके बारे में क्या सोच है?
92. खास बात
93. कब से यहां ज्वाइन कर सकते हैं?
94. आपके सीवी में लिखा हुआ है कि आप मैनेजमेंट का काम करते हैं, लेकिन यहां पर तो इस प्रकार का जॉब प्रोफाइल नहीं है जिसमें कि आपको टीम को मैनेज करना है। आपको कैसा महसूस होता है?

95. क्या आपको लगता है कि आप यहां वाकई में काम कर पाएंगे ? मेरे कहने का अर्थ यह है कि आप बहुत अधिक योग्य हैं और मेरे ख्याल से मार्केट में और भी दूसरी कंपनियां हैं, जो कि हमारे से बेहतर काम कर रही हैं!
96. आपके अनुभव से ऐसा लगता है कि आप को अब मैनेजिंग डायरेक्टर का ही जॉब मिलेगा और वैसे इस कंपनी में हाल ही में एक मैनेजिंग डायरेक्टर की नियुक्ति की गई है जिसका बहुत अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड  है। क्या उसके साथ काम करने में आप किसी प्रकार की असुविधा तो महसूस नहीं करेंगे?
97. गैर कानूनी सवाल
98. आप में वे सभी योग्यताएं हैं , जिसकी कि इस जॉब के लिए जरूरत है। लेकिन क्या आपको मालूम है कि आप जिस व्यक्ति को रिपोर्ट कर रहे हैं यह आप से 10 साल छोटा है और आपको इससे कोई दिक्कत?
99. आप 40 साल से ऊपर हैं और एक एंट्री लेवल की पोजीशन के लिए क्या आपको नहीं लगता कि यह एक सही समय नहीं है?
100. आप पहले से ही रिटायर हो चुके हैं,  आपको नहीं लगता कि हमें उस उम्मीदवार का चयन इस जॉब के लिए करना चाहिए जो कि निरंतर 10 सालों से क्षेत्र में बढ़िया काम कर रहा है?
101. अपने बारे में कुछ बताइए?
102. अपने हालिया  या पिछली जॉब के दौरान आप क्या उत्तर दायित्व निभाया करते थे?
103.  आप अपने जॉब के दौरान,  अमूमन किस प्रकार के निर्णय लेते हैं और आप उन्हें किस तरह से क्रियान्वित करते हैं?
104. अपने करियर को दौरान आपने क्या महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पूरे किए  या ऐसे क्या सुझाव दिए , जो बहुत ही खास साबित हुए हैं?
105. आपको इस काम का कितने वर्षों का अनुभव है?
106. आप अपने लिए एक आदर्श वर्क एनवायरमेंट किसे मानते हैं?
107. अपने आइडियल बॉस के बारे में कुछ बताइए?
108. क्या आपको ऐसे बॉस के साथ काम करने का मौका मिला है जो आपके आइडियल ना हो?
109. क्या आप किसी ऐसे बॉस के बारे में बता सकते हैं जो कि आपका आइडियल बॉस ना रहा हो?
110. आपने अपने मौजूदा कंपनी को क्यों छोड़ रहे हैं? आपने अपने पिछली कंपनी क्यों छोड़ी थी?
111. ऐसा क्या कारण रहा कि आपको अपने पिछले कंपनियों से इस्तीफा देना पड़ा?
112. आप इस पद के बारे में क्या जानकारी रखते हैं?

113. आप इस कंपनी के बारे में कितना जानते हैं?
114. आप इस पद के लिए अपनी तरफ से क्या योगदान देने की अपेक्षा रखते हैं?
115. आप हमारी टीम में किस प्रकार से योगदान दे सकते हैं?
116. आपके बारे में आपके बॉस/ सहकर्मियों की क्या राय है?
117. कोई ऐसा उदाहरण बताइए जब आपको किसी ऐसे व्यक्ति से वास्ता पड़ा हो, जो बहुत ही टेढ़ा था?

118. क्या आपका रिज्यूमे बिल्कुल ताजा तरीन है?
119. आप अपने वर्तमान पद के बारे में सबसे अधिक क्या पसंद हैं और उन गतिविधियों के बारे में बताइए जो कि आप करना पसंद करते हैं ?
120. आपको अपने मौजूदा पद में सबसे अधिक क्या नापसंद आपकी मौजूदा जॉब में आप सबसे बड़े नकारात्मक पहलू क्या मानते हैं?
121. आप अपने अगले पद पर ऐसा क्या चाहते हैं जो कि आपको अभी नहीं मिल रहा है?
122. आप की सबसे बड़ी ताकत क्या है ?आपकी इस पोस्ट को पाने के लिए आप की सबसे बड़ी खूबी कौन सी है?
आप के सबसे खास और महत्वपूर्ण गुण क्या क्या है?
123. आपकी सबसे बड़ी कमजोरी क्या है और आपको क्या लगता है कि ऐसे कौन से क्षेत्र हैं जिसमें आपको सुधार / काम करने की जरूरत है?
124. आपका किस चीज़ से सबसे अधिक डर लगता है?
125. आपका सबसे बड़ी असफलता क्या रही या आप ऐसा कोई वाकिया बताइए, जहां पर कि आप अपने लक्ष्य को हासिल करने में पूरी तरह से असफल हो गए?
126. मुझे कोई ऐसी जटिल समस्या के बारे में बताइए, जिससे कि आपको निपटना पड़ा हो?
127. ऐसी किसी परिस्थिति के बारे में बताइए जब आपको किसी मुश्किल डेडलाइन या परिस्थिति का प्रबंधन करना पड़ा हो?
128. यदि आपसे कहा जाए कि आप हमारा उत्पादन दोगुना कर सकते हैं क्या?
129. आपने खुद के लिए इस जॉब पर रहते हुए क्या नए अवसर तैयार किए हैं?
130. ऐसी कोई घटना बताइए जबकि आपने किसी को काम करने के लिए मना लिया हो?
131. क्या आप अपने सहकर्मियों से जलते हैं या वो आपको जल्द गुस्सा दिला देते हैं?
132. आप आलोचना से कैसे निपटते हैं?
133. आप इस बारे में क्या कहेंगे, यदि मैं आपसे यह कहूं कि आज आप एक अच्छा इंटरव्यू तो नहीं दे रहे?

इंटरव्यू  और इंटरव्यूअर

जब कभी भी बात आती है जॉब की, उसके साथ ही सबसे पहले दिमाग में आता है ढेरों जटिल प्रश्न लिए हुए इंटरव्यूर । जी हां ,  किसी भी  कंपनी में जॉब पाने की महत्वपूर्ण कड़ी  है एक इंटरव्यू।
इंटरव्यू का नाम सुनते ही अच्छे अच्छे उम्मीदवारों का पसीना छूट जाता है।
इसी कारण से अनेक बेहद योग्य उम्मीदवार भी, इंटरव्यू की अच्छी तैयारी न होने के कारण,  जॉब पाने में कामयाब नही हो पाते और उनकी जगह, कई बार ऐसे उम्मीदवार, जॉब हासिल करने में कामयाब हो जाते हैं, जो कि हालांकि उतने योग्य नहीं है, लेकिन उनमें इंटरव्यू को अच्छे तरीके से सवालों के जवाब देना और सवाल पूछना  आता है।

संक्षेप में यह समझ सकते हैं कि एक योग्य उम्मीदवार को भी अपने काम की योग्यता, जॉब पाने के बाद में दिखानी होती है, लेकिन उससे पहले उसे अच्छे तरीके से इंटरव्यू देना आना चाहिए।



अब सवाल यह उठता है कि इंटरव्यू के दौरान जटिल से जटिल सवालों के भी जवाब बिल्कुल सटीक तरीके से और आत्मविश्वास से कैसे दिया जाए?
जाहिर सी बात है कि आप भी इंटरव्यू में सफल होना चाहते हैं और इसके लिए आपको इंटरव्यू के लिए तैयारी करना बेहद आवश्यक है!

यहां यह बात गौरतलब है कि जब लोग बात करते हैं, इंटरव्यू देने की, तो यह कंपनी, शहर और इंटरव्यू देने वाले उम्मीदवार की परिस्थिति पर काफी कुछ निर्भर करता है ।

लेकिन ध्यान देने वाली बात यह भी है कि इंटरव्यूर को भी कभी कभार बहुत अधिक अनुभव नहीं होता। कई बार इंटरव्यू किस तरह से लिया जाता है, इसकी उन्हें औपचारिक ट्रेनिंग भी नहीं दी गई होती और उन्हें पर्सनल इंटरव्यू किस तरह से लेना है, उसकी जानकारी भी नहीं होती।
यह भी हो सकता है कि वे भी काफी हिचकिचाहट से भरे हो और खुद के बारे में भी अनिश्चितता से भी भरे हों। वे भी दबाव की परिस्थितियों में होते हैं ( क्योंकि कंपनी के लिए किसी अच्छे उम्मीदवार का चयन करना जरूरी है ) वे अटपटे सवाल पूछ सकते हैं या फिर उम्मीदवार के सी वी में लिखी गई जानकारी को ही बार-बार दोहरा कर पूछ सकते हैं।

यदि इंटरव्यू लेने वाला व्यक्ति एचआर डिपार्टमेंट से नहीं है, तो हो सकता है कि उसे इंटरव्यू लेने का इतना ज्यादा अनुभव नहीं हो और वह अमूमन इंटरव्यू नहीं लेता हो। कई ऐसी परिस्थितियां भी होती हैं जबकि डिपार्टमेंट का हेड ही उम्मीदवार का इंटरव्यू लेता है।